>

Title: Regarding setting up of High Court Circuit Bench in Udaipur, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान के उदयपुर लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ । …(व्यवधान) उदयपुर संभाग मुख्यालय है । …(व्यवधान) महोदय, मैं आपके माध्यम से विधि मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि उदयपुर संभाग मुख्यालय पर एक हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की जाए । …(व्यवधान) महोदय, यह मांग पिछले 37 सालों से वहां की बार काउंसिल के माध्यम से और वहां के लोगों द्वारा की जा रही है ।…(व्यवधान) उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चितौढ़गढ और राजसमंद जिला इस संभाग के अंतर्गत आते हैं ।

महोदय, वहां के जो नागरिक हैं, उनको न्याय प्राप्त करने के लिए जोधपुर जाना पड़ता है।…(व्यवधान) जोधपुर जाने के लिए बांसवाड़ा जिले से, कुशलगढ़ क्षेत्र से अगर जोधपुर जाना पड़ता है तो 600 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है । …(व्यवधान) डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ के लोगों को 1200 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है । …(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से माननीय विधि मंत्री जी के संज्ञान में यह लाना चाहता हूँ कि उदयपुर संभाग मुख्यालय टीएसपी क्षेत्र है । …(व्यवधान) यह शेड्यूल 5 में आता है । …(व्यवधान) यहां के लोगों को सस्ता और शीघ्र न्याय मिले, इसके लिए एक हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की जाए, ताकि वहां की जनता को सस्ता और सुलभ न्याय मिल सके । यह मेरी मांग है । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री कनकमल कटारा को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।